(b) if so, the target for the year ending 31.12.1997;

(c) the percentage of the total villages of the country where this facility has been provided upto 31.12.1997; and

(d) what is the target for next three years?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (SHRI BABAGOUDA PATIL): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) and (d) The total sanitation coverage at present is around 16—20% of the total number of rural households. The present rural sanitation programme also envisages inter alia, taking up villages for total sanitation. However, the demand is more for individual latrines. In the revised strategy, there is more stress on increasing general awareness of the public on sanitation and increased involvement of the community.

इन्दिरा आवास योजना के अंतर्गत मकानों का निर्माण

3172. **चौधरी हरमोहन सिंह यादव:** क्या **ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने वर्ष 1997-98 के दौरान इन्दिरा आवास योजना के अंतर्गत देश में कुल कितने मकानों के निर्माण का लक्ष्य रखा था;

(ख) अब तक गरीबों को आबंटित किये गये मकानों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने गरीबों के लिए मकानों की अपेक्षित संख्या के संबंध में कोई अनुमान लगाया है और इन्हें कब तक पूरा कर लिया जाएगा; और

(घ) इस पर कितना खर्च आने की संभावना है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बाबागौडा पाटिल): (क) वर्ष 1997-98 के दौरान इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा निर्धारित मकानों की कुल संख्या जिनका निर्माण किया जाना था 7.18 लाख थी।

(ख) गरीबों को आवंटित मकानों की राज्यवार सूची विवरण में दी गई है। **(नीचे देखिए)**

(ग) और (घ) 1991 की जनगणना के अनुसार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में 13.72 मिलियन आवासों की कमी थी। इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं जो योजना आयोग द्वारा अनुमोदित आवंटन तथा गरीबी के अनुपात के आधार पर है।

विवरण

इंदिरा आवास योजना

राज्य का नाम	प्रारम्भ से 97-98 तक× (संख्या में)
आंध्र प्रदेश	401589
अरुणाचल प्रदेश	2840
असम	77379
बिहार	660538
गोवा	3268
गुजरात	133801
हरियाणा	33078
हिमाचल प्रदेश	11501
जम्मू कश्मीर	26185
कर्नाटक	195554
केरल	181164
मध्य प्रदेश	554973
महाराष्ट्र	305840
मणिपुर	4090
मेघालय	3799
मिजोरम	3830
नागालैंड	13323
उड़ीसा	238960
पंजाब	21750
राजस्थान	219001
सिक्किम	3629
तमिलनाडु	482492
त्रिपुरा	9876
उत्तर प्रदेश	684004
पश्चिम बंगाल	210092
अंडमान निकोबार	361
दादरा नगर हवेली	632
दमन दीव	364
लक्षद्वीप	175
पांडिचेरी	1001
कुल :	4485089

×अनंतिम